Seventeenth Loksabha

an>

Title : To convert State highway No. 36 from two lane to four lane

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र उदयपुर, राजस्थान एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। इस क्षेत्र में कई ऐसे मार्ग हैं जो अभी तक दो लेन के ही बने हुए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की काफी संभावना बनी रहती है। इसी के अनुरूप मैं सरकार से मांग करता हूं कि स्टेट हाईवे संख्या - 36 जो उदयपुर-सलुम्बर-बांसवाड़ा तक दो लेन में बनाया गया है, इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर चार लेन में बदल कर उदयपुर-सलुम्बर-बांसवाड़ा-रतलाम, मध्य प्रदेश तक करवाने का काम कराएं, जिससे इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आम जनता को एक राष्ट्रीय राजमार्ग का लाभ मिलेगा। धन्यवाद।